कोटद्वार, मंगलवार
26 नवम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 202 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

सगे भाईयों ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में दो सगे भाइयों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां की शिकायत पर ज्वालापुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पोक्सो ऐक्ट, दुष्कर्म समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री की मुलाकात मार्च में सोशल मीडिया पर रवि उर्फ समीर निवासी गांव बहादरपुर जट से हुई थी। इसके बाद बेटी की बात उससे मोबाइल फोन पर होने लगी। आरोप है कि रवि उर्फ समीर ने जुलाई में उसकी पुत्री को गांव सराय के पास अपनी दुकान में बुलाया। आरोप है कि उसका भाई आलम उर्फ जुबेर भी पहले से ही वहां मौजूद था। आरोप है कि दुकान में समीर ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। उस दौरान उसके भाई आलम ने अश्लील वीडियो बना लिया। आरोप है कि कुछ दिन बाद आलम ने बेटी को उसका वीडियो दिखाकर वायरल कर देने की धमकी दी।

ब्रेक के बजाय एक्सीलेटर पर पैर पड़ने से हुआ ट्रक बेकाबू

ऋषिकेश। सात कारों को रौंदते हुए यूकेडी नेता समेत तीन लोगों की जान लेने वाले ट्रक चालक के पास पुलिस को लाइसेंस ही नहीं मिला है। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि ब्रेक पैडल के बजाय उसका पैर एक्सीलेटर पर पड़ गया, जिससे ट्रक बेकाबू हो गया और यह हादसा हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। विवेचक नवीन डंगवाल के मुताबिक, सोमवार को आरोपी चालक विजय कुमार निवासी गांव रूमसी, अगस्तमुनि, रुद्रप्रयाग को ऋषिकेश से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। लाइसेंस नहीं मिलने पर बोला कि, उसने हरियाणा से लाइसेंस बनाया है, जो कि मौके पर वह पुलिस को दिखा भी नहीं पाया है। पुलिस को संदेह है कि विजय के पास लाइसेंस है ही नहीं। विवेचक ने बताया कि विजय पिछले चार माह से ही ट्रक चला रहा था। प्रारंभिक जांच में न सिर्फ लाइसेंस, बल्कि ट्रक के दस्तावेज तक नहीं मिले हैं। मेडिकल जांच में उसके नशे में होने की पुष्टि भी नहीं हुई है। आरोपी चालक सीमेंट से भरे ट्रक को हरिद्वार बाईपास मार्ग पर एक केंद्रीय संस्थान में ले जा रहा था। बताया कि फिलहाल कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

बनबसा में सेना भर्ती की तैयारियां पूरी

चम्पावत। जिले के बनबसा सैन्य परिसर में 28 नवंबर से होने वाली सेना भर्ती की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यहां 28 से 30 नवंबर तक धार्मिक शिक्षक और और एक से छह दिसंबर तक अग्निवीर की भर्ती होनी है। सेना भर्ती निर्देशक कर्नल राहुल मेलगे ने बताया कि बनबसा सैन्य क्षेत्र में धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अफसर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिले के लिए होगी। जबकि अग्निवीर में में जीडी, कार्यालय सहायक, तकनीकी और ट्रेड्समैन के पद पर भर्ती होगी। उन्होंने बताया कि भर्ती में हर दिन 1000–1500 अभ्यर्थी दौड़ में हिस्सा लेंगे। सेना भर्ती के लिए 10वीं और 12वीं की अंक तालिका, मूल निवास, जाति, एनसीसी, रिलेशन प्रमाण, राज्य व राष्ट्रीय खेल, अविवाहित, चरित्र व गजट प्रमाणपत्र, शपथ पत्र और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लाना अनिवार्य होगा। सेना भर्ती के लिए एसडीएम टनकपुर और चम्पावत को नोडल अधिकारी नामित किया है।

भूमि बेचने का झांसा देकर एक करोड़ चार लाख हड़पे

रुद्रपुर। ग्राम बखपुर में भूमि बेचने का झांसा देकर महिला के एक करोड़ चार लाख रुपये हड़प कर लिए। पीड़िता ने न्यायालय की शरण लेकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गुनीत कौर पुत्री अजीत सिंह बेदी निवासी पुरानी गल्ला मंडी किच्छा ने सिविल जज को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि बीती 30 नवबंर 2022 को उसने एक इकरारनामा सुरेन्द्र कौर पत्नी बलविन्दर सिंह आवास विकास किच्छा के साथ किया था। जिसमें सुरेन्द्र कौर ने ग्राम बखपुर स्थित अपनी 4.65 एकड़ भूमि रजिस्टरर्ड और 5.35 नदी की कब्जा भूमि का सौदा एक करोड़ चार लाख रुपये में किया था।

जिन्हें जनता ने बार–बार नकारा, वे संसद में चर्चा नहीं होने देते

शीतकालीन सत्र की शुरुआत पर बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली ,संसद के शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मीडिया को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि शीतकालीन सत्र में माहौल शीत रहेगा। पीएम मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, शीतकालीन सत्र है और माहौल भी शीत ही रहेगा। 2024 का ये अंतिम कालखंड चल रहा है, देश उमंग और उत्साह के साथ 2025 के स्वागत की तैयारी में भी लगा हुआ है।

उन्होंने आगे कहा, संसद का ये सत्र अनेक प्रकार से विशेष है। सबसे बड़ी बात है कि हमारे संविधान की यात्रा का 75वें साल में प्रवेश अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक बहुत ही उज्जवल अवसर है। कल संविधान सदन में सब मिलकर संविधान के 75वें वर्ष के उत्सव की शुरुआत करेंगे। संविधान निर्माताओं ने संविधान का निर्माण करते समय एक एक बिंदु पर बहुत विस्तार से बहस की है और तब जाकर ऐसा उत्तम दस्तावेज हमें प्राप्त हुआ है। हमारे संविधान की महत्वपूर्ण इकाई– संसद और हमारे सांसद हैं। पार्लियामेंट में स्वस्थ चर्चा हो, ज्यादा से ज्यादा लोग चर्चा में अपना योगदान दें।

पीएम मोदी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संसद को भी मुी भर लोगों की हुड़दंगबाजी से कंट्रोल करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका अपना मकसद तो सफल नहीं होता, लेकिन देश की जनता उनके सारे व्यवहार देखती है और जब समय आता है तो उन्हें सजा भी देती है, लेकिन सबसे पीड़ादायक बात यह है कि नए सांसद नए विचार, नई ऊर्जा लेकर आते हैं और वे किसी एक पार्टी के नहीं, बल्कि सभी पार्टियों के होते हैं। कुछ लोग उनके अधिकारों का हनन करते हैं और उन्हें सदन में बोलने का मौका भी नहीं मिलता है। उन्होंने आगे कहा, जिन्हें जनता ने लगातार 80–90 बार नकार दिया है, वे संसद में चर्चा नहीं होने देते। वह ना तो लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हैं और ना ही वह लोगों की आकांक्षाओं के महत्व को समझते हैं। लोगों के प्रति उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है, वे जनता को समझ नहीं पाते हैं और इसका परिणाम यह होता है कि वे कभी भी लोगों की उम्मीदों पर भी खरे नहीं उतर पाते।

सीएम ने दी संविधान दिवस की शुभकामनाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है। यह प्रत्येक भारतीय के गौरव, अधिकार और सम्मान का रक्षक भी है। मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबासाहेब अम्बेडकर को नमन करते हुए कहा कि विश्व में भारत की विशिष्ट पहचान बनाने में भारतीय संविधान की विशेष भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान में प्रत्येक नागरिक के लिए मौलिक अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों का भी उल्लेख किया गया है। संविधान प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करना ही नहीं, इसके मूल्यों की रक्षा करना भी हर नागरिक का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति और सांस्कृतिक प्रतिष्ठा के पुनर्स्थापना में संलग्न रहकर हम सबको 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करना होगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) साकार कर रही है घर का सपना

योजना के दूसरे चरण में अब राज्य के लोगों को मिलेगा अधिक अनुदान

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास (शहरी) के तहत उत्तराखंड में अब तक 34 हजार से अधिक आवास बन चुके हैं। अब राज्य सरकार ने योजना के दूसरे चरण के लिए भी भारत सरकार के साथ अनुबंध कर लिया है, जिसमें लाभार्थियों को अधिक आर्थिक अनुदान प्राप्त हो सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास (शहरी) अंतर्गत शहरी क्षेत्र में रहने वाले सभी आवास विहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में 3 लाख से लेकर 18 लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले आवास विहीन परिवारों को चार घटकों के तहत आवास निर्माण के लिए सब्सिडी / अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। योजना के प्रथम चरण के तहत राज्य में कुल 64391 आवासों की स्वीकृति भारत सरकार से चुकी है। जिसमें लाभार्थी आधारित निर्माण घटक के तहत कुल स्वीकृत 25976 आवासों में से अक्टूबर माह तक 12222 आवासों का निर्माण पूरा किया जा चुका है,

शेष आवासों पर कार्य गतिमान है। इसमें भारत सरकार द्वारा कुल रु 1.50 लाख प्रति आवास की दर से (कुल 263.71 करोड़ लगभग) अनुदान उपलब्ध कराया गया है, तथा राज्य सरकार द्वारा 50 हजार की अनुदान राशि प्रति आवास उपलब्ध करायी जाती है। योजना के अन्य घटक, किफायती आवास के अंतर्गत भारत सरकार से 15960 आवासों की मंजूरी मिल चुकी है, जिसमें से 11384 आवासों का आवंटन करते हुए, 1894 का निर्माण पूरा किया जा चुका है। इस श्रेणी में भारत सरकार द्वारा 1.50 लाख रुपए प्रति आवास की दर से कुल 161.96 करोड़ रुपए का अनुदान उपलब्ध कराया गया है। इस श्रेणी में राज्य सरकार द्वारा भी प्रति आवास 2.00 लाख रुपए की अनुदान राशि उपलब्ध करायी जाती है। इस तरह लाभार्थी अंशदान प्रति आवास 3.50 लाख रुपए ही पड़ता है। योजना के अन्य घटक ऋण आधारित निर्माण में भारत सरकार से मंजूर सभी 19919 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है, इस श्रेणी में बैंक के माध्यम से ब्याज सब्सिडी भी उपलब्ध करायी जा चुकी है।

अब मिलेगी अधिक सहायता

सचिव शहरी विकास नितेश झा ने बताया कि अब भारत सरकार ने इसी साल सितंबर में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की घोषणा की है। इसके लिए राज्य सरकार ने भारत सरकार से अनुबंध कर दिया है। इसके लिए भारत सरकार ने अब प्रति आवास केंद्रांश 1.50 लाख रुपए से बढ़ाकर 2.25 लाख रुपए कर दी गई है। इस तरह अब योजना के तहत लाभार्थियों को अधिक सहायता प्राप्त होगी।

नम आंखों से दी यूकेडी नेता त्रिवेंद्र सिंह पंवार को अंतिम विदाई

ऋषिकेश। उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रंद) के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार का पार्थिव शरीर उक्रंद के झंडे के साथ देहरादून रोड स्थित उनके आवास से दोपहर दो बजे पूर्णानंद घाट लाया गया, जहां लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र के लोग शामिल हुए।पूर्णानंद घाट पर उक्रंद के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार के पार्थिक शरीर को उनके पुत्र आलोक पंवार ने मुखाग्नि दी। इस दौरान त्रिवेंद्र पंवार अमर रहे, राज्य आंदोलन का लाल, त्रिवेंद्र–त्रिवेंद्र आदि नारे गूंजते रहे।इस अवसर पर ऋषिकेश विधायक एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, निवर्तमान महापौर अनीता ममगाईं, पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष देवप्रयाग उत्तम सिंह असवाल, निवर्तमान पार्षद राजेंद्र प्रेम सिंह बिष्ट, राजपाल खरोला, उक्रंद के केंद्रीय उपाध्यक्ष जयराम उपाध्याय, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष पुष्पेश त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज व्यास, केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सन्नी भट्ट, प्रमिला रावत, मेजर संतोष भंडारी (सेनि.) सहित उक्रंद कार्यकर्ता मौजूद थे।

दो लोगों को रोशनी दे गए त्रिवेंद्र

ऋषिकेशः दिवंगत त्रिवेंद्र सिंह पंवार के स्वजन ने एम्स में उनका नेत्रदान कराया। एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डा. मीनू सिंह ने नेत्रदान जैसे महादान के इस पुनीत कार्य के लिए दिवंगत उक्रंद नेता के स्वजन की सोच की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे अन्य लोगों को भी नेत्रदान के संकल्प की प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यवाहक नेत्र विभागाध्यक्ष प्रो. अजय अग्रवाल ने बताया कि उनके इस निर्णय से दो नेत्रहीनों को रोशनी मिल पाएगी।

जाते–जाते पुराने कार्यकर्ताओं को एक साथ लाए त्रिवेंद्र

उक्रंद का गठन 25 जुलाई 1979 में हुआ और उक्रंद ने राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। मगर, राज्य गठन के बाद पार्टी में एकजुटता नहीं होने के कारण बिखराव होता चला गया और उक्रंद आमजन का समर्थन हासिल करने से वंचित रही। आज भले ही उक्रंद के पुराने कार्यकर्ता एक मंच पर न हों, लेकिन त्रिवेंद्र सिंह पंवार जाते–जाते पुराने कार्यकर्ताओं को एक साथ ला गए।

उनके निधन पर उक्रंद के पुराने कार्यकर्ता व समर्थक एक–दूसरे से मिलते नजर आए और राज्य आंदोलन के संघर्ष की यादें भी ताजा हो गई। उक्रंद के केंद्रीय उपाध्यक्ष जयराम उपाध्याय ने कहा कि त्रिवेंद्र सिंह पंवार का संसद में पत्र बम कांड व अनेक आंदोलन में अग्रणी योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने पद से दिया इस्तीफा

मुंबई ,महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिली है। इन खराब नतीजों के चलते पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने इस्तीफा दे दिया है। नाना पटोले ने चुनाव में खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली है और अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में महाराष्ट्र कांग्रेस में कलह और तेज हो सकती है। राहुल गांधी, खरगे समेत कई नेताओं ने इन नतीजों की विस्तृत समीक्षा करने की बात कही है। नाना पटोले खुद भी इस चुनाव में बमुश्किल 208 वोटों से ही जीत दर्ज कर पाए। उनके अलावा दो अन्य वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण और बालासाहेब थोराट को भी हार का सामना करना पड़ा है।

वह भंडारा जिले की सकोली विधानसभा सीट से उतरे थे, जहां अंत तक टाइट फाइट रही। फिर भी नाना पटोले किसी तरह जीत गए। कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में महज 16 सीटें ही मिल पाईं। कभी कांग्रेस महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी हुआ करती थी, लेकिन बीते कई दशकों से उसकी स्थिति गिर ही रही है। फिर भी इस बार सिर्फ 16 सीटों पर ही अटक जाना चौंकाने वाला है।

हरदोई में बोलेरो और बस की टक्कर में 5 की मौत

हरदोई , हरदोई जिले के मल्लावां थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गोराई चौराहे पर सुबह करीब 3 बजे बोलेरो और एक निजी बस की जोरदार टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी के मुताबिक, कानपुर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने गोराई चौराहे पर खड़ी एक निजी बस को टक्कर मार दी। कार सवार लोग एक शादी समारोह से वापस आ रहे थे और बस में भी बाराती लोग थे। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर चीख–पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत–बचाव कार्य शुरू किया। चार घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया, थाना मल्लावां से यह सूचना मिली की गोराई चौराहे के पास एक बोलेरो शादी समारोह से वापस लौट रही थी। यह गाड़ी अनियंत्रित होकर बारातियों

को लेकर लौट रही एक बस से टकरा गई। दोनों की भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने जानकारी दी कि सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया गया। घटना में घायल चार लोगों को तत्काल इलाज हेतु लखनऊ हायर किया गया है। इसमें से किसी को कोई गंभीर चोट नहीं पहुंची है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सडक़ हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

संभल में असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने बिगाड़ा माहौल, भाजपा सरकार है जिम्मेदार : राहुल गांधी

नई दिल्ली ,यूपी के संभल जिले में रविवार को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा पर राजनीति तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना, जिसकी सीधी जिम्मेदार भाजपा सरकार है। उन्होंने आगे कहा, भाजपा का सत्ता का उपयोग हिंदू–मुसलमान समाजों के बीच दरार और भेदभाव पैदा करने के लिए करना ना प्रदेश के हित में है और ना देश के। मैं सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं। राहुल गांधी ने लोगों से शांति बनाए रखने की भी अपील की। उन्होंने कहा, मेरी अपील है कि शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। हम सबको एक साथ जुड़ कर यह सुनिश्चित करना है कि भारत सांप्रदायिकता और नफरत नहीं, एकता और संविधान के रास्ते पर आगे बढ़े। इससे पहले प्रियंका गांधी ने संभल में हुई हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट से संज्ञान लेने की अपील की थी।

उन्होंने कहा, संभल, उत्तर प्रदेश में अचानक उठे विवाद को लेकर राज्य सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इतने संवेदनशील मामले में बिना दूसरा पक्ष सुने, बिना दोनों पक्षों को विश्वास में लिए प्रशासन ने जिस तरह हड़बड़ी के साथ कार्रवाई की, वह दिखाता है कि सरकार ने खुद माहौल खराब किया। प्रशासन ने जरूरी प्रक्रिया और कर्तव्य का पालन भी जरूरी नहीं समझा। माननीय सुप्रीम कोर्ट को इस मामले का संज्ञान लेकर न्याय करना चाहिए। प्रदेश की जनता से मेरी अपील है कि हर हाल में शांति बनाए रखें।

मुस्लिमों को किया जा रहा टारगेट, दोबारा सर्वे की नहीं थी जरूरत : संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क

नई दिल्ली ,यूपी के संभल जिले में रविवार को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा पर संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने इस हिंसा को पूर्व नियोजित बताया है। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने मीडिया से बात करते हुए कहा, यह एक प्री–प्लान घटना है और अफसोस की बात यह है कि प्रदेश और देश के अंदर मुस्लिम समाज के लोगों को टारगेट करके काम किया जा रहा है। इससे ज्यादा बुरा हाल आजादी के बाद कभी नहीं हुआ होगा। जिस प्रकार से प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट का उल्लंघन किया जा रहा है। जब संसद ने 1991 में एक कानून बना दिया है कि 1947 से पहले के जितने भी धार्मिक स्थल अस्तित्व में है, उनके साथ किसी प्रकार की कोई छेडख़ानी नहीं होगी, लेकिन इसके बावजूद जगह–जगह याचिकाएं दायर की जा रही हैं और उसी दिन आदेश भी दिए जा रहे हैं।

भारत ने हमेशा एकता और अखंडता के गहरे सत्य को किया है स्वीकार : मोहन भागवत

हैदराबाद ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि जहां दुनिया अपनी मंजिल पर विचार किए बिना आगे बढ़ रही है, वहीं भारत ने हमेशा एकता और अखंडता के गहरे सत्य पर विचार किया है। लोकमंथन भाग्यनगर 2024 में बोलते हुए, आरएसएस प्रमुख ने भारत की धर्म और जीवन के निर्माण की शाश्वत अवधारणाओं पर अपने विचार रखे। भागवत ने कार्यक्रम में कहा, हमारे पूर्वज अस्तित्व की एकता की सच्चाई जानते थे, वे समझते थे कि यही सब कुछ है इसलिए विविधता है। यह कुछ समय तक चलती है, फिर केवल एकता रह जाती है। एकता शाश्वत है और विविधता में भी एकता है, अगर हम इसे तलाशने की कोशिश करें। उन्होंने कहा, उन लोगों को जवाब देने की कोई आवश्यकता नहीं है जिनके प्रयोग पिछले 2,000 वर्षों में विफल रहे हैं। हमारा ध्यान अपने लोगों का मार्गदर्शन करने पर होना चाहिए, जो झूठे आख्यानों में उलझे

हुए हैं। वैश्विक मंच पर हम अपने पूर्व निर्धारित मापदंडों और अपने अनूठे तरीके से खेलेंगे। आरएसएस प्रमुख ने लोकमंथन पहल को ग्रामीण भारत तक ले जाने का आह्वान किया तथा गांवों में छोटी–छोटी सभाएं आयोजित कर जमीनी स्तर के लोगों को जोडऩे की अपील की। उन्होंने कहा, हमारे मन की आवाज़ कहती है कि इस दुनिया में हम किसी के दुश्मन नहीं हैं और कोई हमारा दुश्मन नहीं है। हालांकि यह ठीक है कि कोई आक्रमक है, अगर कोई हम पर हमला करता है या हमें नुकसान पहुंचाता है, तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, लेकिन हम उसका जवाब भी देंगे...लेकिन हम किसी से लड़ाई नहीं करते हैं। भागवत ने पौराणिक प्रतीकों से तुलना करते हुए कहा, जैसे समुद्र मंथन के दौरान हलाहल निकला था, वैसे ही चुनौतियां आएंगी। लेकिन हम उन्हें झेलने और सभी के कल्याण के लिए अमृत परोसने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकमंथन भाग्यनगर 2024 के विचार–विमर्श से उनकी अपनी समझ भी बढ़ी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। आरएसएस हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर करने की मांग कर रहा है।

उत्तराखंड में 29 से करवट बदल सकता है मौसम, तेजी से गिरेगा पारा

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम शुष्क बना हुआ है और अगले कुछ दिन वर्षा के आसार नहीं हैं। हालांकि, आगामी 29 नवंबर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की आशंका है, जिससे हिमालयी क्षेत्रों में मौसम करवट बदल सकता है। ऐसे में प्रदेश में तापमान में तेजी से गिरावट आने और वायु प्रदूषण कम होने की उम्मीद है। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन पहाड़ों में पाला और मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का प्रभाव बना रहने की आशंका जताई है। उत्तराखंड में अक्टूबर की शुरुआत में मानसून की विदाई के बाद से सूखा पड़ा हुआ है। ज्यादातर क्षेत्रों में पूरे अक्टूबर और फिर नवंबर में वर्षा नहीं हुई। दून समेत पांच जिलों में तो एक बूंद नहीं पड़ी। वहीं शेष जिलों में भी कहीं–कहीं महज बूंदाबांदी ही दर्ज की गई। बारिश न होने से मौसम शुष्क बना हुआ है और अधिकतम व न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक चल रहे हैं। कई दिनों से प्रदेशभर में मौसम शुष्क बना हुआ है और चटख धूप खिल रही है। हालांकि, पर्वतीय क्षेत्रों में सुबह–शाम ठिठुरन बढ़ने लगी है। मैदानी क्षेत्रों में भी रात को पाला गिरने से सुबह ठंडक महसूस की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, फिलहाल अगले कुछ दिन प्रदेशभर में मौसम शुष्क बना रहने का अनुमान है। मैदानी क्षेत्रों में कहीं–कहीं कुहासा और धुंध छाई रह सकती है। पहाड़ों में पाला पड़ने की आशंका है। इसके बाद आगामी 29 नवंबर के बाद ताजा पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्रों में सक्रिय हो सकता है। जिसके चलते कहीं–कहीं हल्की वर्षा होने की उम्मीद है।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुनी 300 लोगों की समस्याएं

गोरखपुर ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नही है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित एक्शन हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 300 लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे।

संभल में हुए बवाल के बाद हल्द्वानी में अलर्ट

हल्द्वानी। संभल के जामा मस्जिद में हिंसा के बाद सुरक्षा की दृष्टि से हल्द्वानी में पुलिस अलर्ट हो गई है। यहां कई इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। खुफिया विभाग भी सतर्क हो चुका है। रविवार को उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल हो गया। हालात इतने बिगड़ गए कि हिंसा का माहौल बन गया। इस बीच पुलिस और वहां मौजूद लोगों में पथराव की स्थिति बन गई। घटना में चार लोगों की मौत हो गई है। कोर्ट के आदेश पर कोर्ट कमिश्नर की टीम दूसरी बार यहां सर्वे करने पहुंची थी। जिसके बाद यह घटना हुई। इसका इनपुट मिलने के बाद हल्द्वानी पुलिस भी सक्रिय हो गई है। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद ही सभी थाना चौकियों को अलर्ट रहने को कहा गया है।

क्या हुआ था हल्द्वानी में

फरवरी 2024 में उत्तराखंड के हल्द्वानी जिले के बनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर बने अवैध मदरसा व नमाज स्थल को ध्वस्त करने गई पुलिस, प्रशासन व नगर निगम की टीम पर समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव कर दिया। इस दौरान उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाने में आग लगा दी। वहां खड़े पुलिस व मीडियाकर्मियों के दर्जनों वाहन पेट्रोल बम से जला डाले।

सम्पादकीय

नई चुनौतियों की पारी

उत्तराखंड पुलिस में नए डीजीपी के तौर पर 1995 आईपीएस अधिकारी दीपम सेठ की नियुक्ति हो गई है। वे अभी तक प्रतिनियुक्ति पर केंद्र में थे जहां से अवमुक्त होने के बाद में उत्तराखंड आए और राज्य के नए महानिदेशक के तौर पर कार्यभार ग्रहण किया। आईपीएस अधिकारी दीपक सेठ नैनीताल से पड़े हुए हैं और नैनीताल में ही उन्हें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के तौर पर कार्य करने का अवसर भी प्राप्त हुआ था। पुलिस माह में उन्हें सरल स्वभाव एवं मिलनसार माना जाता है साथ ही पुलिस सुधार एवं अपराध उन्मूलन में उनके पास बड़ा अनुभव है। निश्चित तौर पर उत्तराखंड को उनके अनुभवों का लाभ मिलेगा तो वही उनके आगे उत्तराखंड पुलिस सिंह के सम्मुख आने वाली चुनौतियों की भी भरमार रहेगी। पिछले कुछ समय में उत्तराखंड में वाहन दुर्घटनाओं की संख्या में काफी तेजी देखने को मिली है लिहाजा इस क्षेत्र में उचित सुधार करने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है तो वही अपराधों पर नियंत्रण करने के लिए वह किसी नीति का प्रयोग अपने कार्यकाल में करेंगे इस पर सब की नजर रहेगी। उत्तराखंड में बाल एवं महिला अपराधों की संख्या में इजाफा हुआ है और इसके लिए एक अलग प्रकार की पॉलिसी कार्य करती है इस दिशा में हुए अपनी टीम को किस तरह से आगे लेकर बढ़ेंगे यह उनके अनुभवों पर निर्भर करेगा। नए डीजीपी के आगे आपदा एवं अगले वर्ष चार धाम यात्रा की भी चुनौती होगी, हालांकि इससे पूर्व गढ़वाल परिक्षेत्र के आईजी के तौर पर इस भूमिका का भी निर्वहन कर चुके हैं। पूर्व डीजीपी अशोक कुमार की सेवानिवृत्ति पर दीपक सेठ का पुलिस महानिदेशक न बनना विभाग में भी काफी चर्चाओं में रहा था और कुछ कारणों से अपर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार वरिष्ठ अधिकारियों के होने के बावजूद भी कार्यवाहक डीजीपी बना दिया गया, लेकिन इधर अब केंद्र से रिलीव किए जाने के बाद उत्तराखंड के नए डीजीपी के तौर पर दीपम सेठ अपनी नई महत्वपूर्ण लेकिन चुनौतीपूर्ण पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं।

सहकारिता की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण

नितिन प्रधान

गरीब कल्याण और समाज के निचले तबके के लिए समृद्धि का रास्ता खोलने में सहकारिता की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण है। डेयरी, खाद और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में सहकारिता की सफलता के बाद अब बारी अन्य क्षेत्रों की है।

सहकारिता के महत्त्व को समझते हुए सरकार ने इसके लिए अलग से मंत्रालय का गठन भी किया है। बीते तीन वर्ष में सहकारिता क्षेत्र में कई महत्त्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। संभवतः यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) को वैश्विक सहकारी सम्मेलन कराने के लिए इस वर्ष भारत आना पड़ा। सहकारिता के बढ़ते महत्त्व को संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी स्वीकारा है, और 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है। नई दिल्ली में 25 नवम्बर से होने वाला वैश्विक सहकारी सम्मेलन–2024 दुनिया भर के सहकारिता क्षेत्र में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा। आईसीए की स्थापना (1895) के 130 वर्षों के इतिहास में पहली बार यह आयोजन भारत में होने जा रहा है। भारत आईसीए का संस्थापक सदस्य है। आईसीए सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष वैश्विक संस्था है, जिसकी संख्या दुनिया भर में 30 लाख से ज्यादा है। विश्व में 107 देशों के 310 से अधिक संगठन अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के सदस्य हैं।

इस सम्मेलन की मेजबानी की बागडोर विश्व की अग्रणी सहकारी संस्था इफको समेत देश की 17 प्रमुख सहकारी संस्थाओं के हाथों में है। महत्त्वपूर्ण यह भी है कि यह सम्मेलन सहकार से समृद्धि के भारत के संकल्प को पूरी दुनिया में ले जाएगा। आईसीए ने भी इस सम्मेलन का थीम 'सहकारिताएं–सबकी समृद्धि का द्वार' तय किया है। इस सम्मेलन में भारतीय गांवों की थीम पर बने 'हाट' में भारतीय सहकारी उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। बहुत संभव है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन के दौरान 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाए जाने की औपचारिक घोषणा और इस विषय पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करें।

मोदी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में पिछले तीन वर्ष में दर्जनों महत्त्वपूर्ण बदलाव कर इसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। सहकारी आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए नये मंत्रालय का भी गठन किया गया। सहकारी क्षेत्र के संस्थानों के पुनर्गठन और निष्क्रिय हो चुकीं प्राथमिक सोसाइटियों को पुनर्जीवित किया गया है। मॉडल बायलॉज से प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटी (पैक्स) को ताकत दी गई और उनके कामकाज के दायरे को बढ़ाया गया। सहकारिता पर लागू टैक्स को तर्क संगत बनाया गया।

दुनिया में लगभग 30 लाख सहकारी समितियां हैं, जिनमें से करीब 8 लाख सहकारी समितियां यानी एक चौथाई से अधिक समितियां भारत में हैं। संयुक्त राष्ट्र के लगभग सभी सदस्य देशों के एक अरब से अधिक लोग इन समितियों के सदस्य हैं, जिनमें से 29 करोड़ से ज्यादा सदस्य भारत के हैं। सहकारिता क्षेत्र ने दुनिया भर में 21 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया है।

सहकारी समितियों की संख्या और उनके विस्तार की संभावनाओं के मामले में भारत का इतिहास गौरवशाली रहा है। भारतीय सहकारी प्रणाली में सबसे बड़ा परिवर्तन पैक्स के मॉडल बायलॉज का कार्यान्वयन है। सहकारिता क्षेत्र में तीन नई राष्ट्रीय बहुराज्यीय सहकारी समितियों: राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड (एनसीओएल), राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) के गठन ने भारत को वैश्विक सहकारिता आंदोलन में अग्रणी बना दिया है। इन पहल ने दूसरे देशों का ध्यान खींचा है।

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान जहां संयुक्त राष्ट्र के निर्धारित लक्ष्य को सहकारिता के माध्यम से पूरा करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी, वहीं सहकारिता के वैश्विक सम्मेलन में इन सभी लक्ष्यों पर व्यापक चर्चा भी कराई जाएगी। लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ ही वैश्विक चिंताओं को दूर करने को लेकर तैयार बिंदुओं पर भी गंभीर विचार–विमर्श किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने 17 सतत विकास लक्ष्य चिन्हित किए हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए सहकारी समितियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इनमें पारिस्थितिकी संतुलन, स्थिर आजीविका, गरीबी उन्मूलन, सामुदायिक विकास एवं सहयोग, मिट्टी की सेहत एवं जीवन, महिला सशक्तिकरण सहित प्राकृतिक संसाधनों पर सभी का समान अधिकार आदि विषयों को शामिल किया गया है। सहकारिता वर्ष मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य इन्हीं लक्ष्यों को पूरा करना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 2030 तक की समयावधि निर्धारित की गई है। इसमें सहकारी क्षेत्र की भूमिका पहले ही निर्धारित कर दी गई है, जिससे सम्मेलन का महत्त्व और भी बढ़ गया है।

सहकारिता के महत्त्व को समझते हुए सरकार ने इसके लिए अलग से मंत्रालय का गठन भी किया है। बीते तीन वर्ष में सहकारिता क्षेत्र में कई महत्त्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। संभवतः यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) को वैश्विक सहकारी सम्मेलन कराने के लिए इस वर्ष भारत आना पड़ा। सहकारिता के बढ़ते महत्त्व को संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी स्वीकारा है, और 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है। नई दिल्ली में 25 नवम्बर से होने वाला वैश्विक सहकारी सम्मेलन–2024 दुनिया भर के सहकारिता क्षेत्र में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा। आईसीए की स्थापना (1895) के 130 वर्षों के इतिहास में पहली बार यह आयोजन भारत में होने जा रहा है। भारत आईसीए का संस्थापक सदस्य है। आईसीए सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष वैश्विक संस्था है, जिसकी संख्या दुनिया भर में 30 लाख से ज्यादा है। विश्व में 107 देशों के 310 से अधिक संगठन अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के सदस्य हैं।

कंपनियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए

देश के कानून का उल्लंघन करने वाली कंपनी को अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए। बहरहाल, ऐसे कदम उठाते समय जांच एजेंसियों को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ना सिर्फ निष्पक्ष रहें, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी। ई–कॉमर्स क्षेत्र की फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसी कंपनियों ने भारतीय कानून को तोड़ा हो, तो बेशक उन पर प्रावधान के अनुरूप सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ये दोनों अमेरिकी स्वामित्व वाली कंपनियां हैं (फ्लिपकार्ट में लगभग तीन चौथाई हिस्सा वॉलमार्ट का है)। भारत के ई–कॉमर्स बाजार का सबसे बड़ा हिस्सा उनके पास ही है। एक अनुमान के मुताबिक 70 बिलियन डॉलर के इस बाजार में फ्लिपकार्ट का हिस्सा 32 और अमेजन का 24 फीसदी है। खबर है कि प्रवर्तन निदेशालय ने इनके विक्रेताओं पर छापा मारा। उसके बाद इन कंपनियों के अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी निवेश संबंधी कानून का उल्लंघन किया। इस कानून के तहत विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियां विक्रेताओं के बीच भेदभाव नहीं कर सकतीं। साथ ही ये विक्रेताओं से सामान खरीद कर अपना भंडार नहीं बना सकतीं। अमेजन और फ्लिपकार्ट का कहना है कि उन्होंने किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया। मगर ईडी का दावा है कि उसके पास इन कंपनियों के खिलाफ ठोस सबूत हैं। निर्विवाद है कि हर कंपनी– चाहे वो देशी हो या विदेशी– उसे सख्ती से देश के कानून का पालन करना चाहिए। कोई कंपनी ऐसा नहीं करती, तो उसे अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए। बहरहाल, जांच एजेंसियों को ऐसे कदम उठाते समय यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ना सिर्फ निष्पक्ष हों, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी। इस संदर्भ में यह बात इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि गुजरे वर्षों में ऐसी धारणा (जो संभव है कि निराधार हो) बनी है कि भारत सरकार के कुछ पसंदीदा उद्योग घराने हैं और जब उनके हित किसी विदेशी (या देशी) कंपनी से टकराते हैं, तो जांच एजेंसियां अति सक्रिय हो जाती हैं। अतीत में वर्तमान सरकार से ही जुड़े रहे कुछ अर्थशास्त्रियों ने इस धारणा को भारत में विदेशी निवेश के रास्ते में मौजूदा रुकावटों में एक बताया है। यह समय अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए प्रतिकूल है। इस वर्ष भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भारी गिरावट आई है। इस हाल में उपरोक्त धारणा को तोडना अत्यधिक आवश्यक हो गया है। आशा है, ईडी इस अपेक्षा के प्रति जागरूक होगी।

देश के लिए चुनौती बने सड़क हादसे

अमित बैजनाथ गर्ग

यूं तो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली सडक़ें देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं, लेकिन आए दिन होने वाले सडक़ हादसे कई सवालिया निशान भी खड़े कर रहे हैं।

सडक़ हादसे भारत जैसे विकासशील देश के लिए चुनौती बने हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले साल वैश्विक सडक़ सुरक्षा सप्ताह के दौरान एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके अनुसार वैश्विक स्तर पर सडक़ दुर्घटनाओं में प्रति वर्ष 1.35 मिलियन से अधिक मौतें होती हैं, और 50 मिलियन से अधिक लोगों को गंभीर शारीरिक चोटें आती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विश्व में सडक़ दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौतों में से 11 प्रतिशत भारत में होती हैं।सडक़ दुर्घटनाओं के कारण भारत को होने वाले नुकसान को लेकर विश्व बैंक के आकलन के अनुसार, 18–45 आयु वर्ग के लोगों की सडक़ दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर सर्वाधिक 69 प्रतिशत है। इसके अलावा 54 प्रतिशत मौतें और गंभीर चोटें मुख्य रूप से संवेदनशील वगरे जैसे पैदल यात्री, साइकिल चालक और दोपहिया वाहन सवार आदि में देखी जाती हैं। भारत में 5–29 वर्ष आयु–वर्ग के बच्चों और युवा वयस्कों में सडक़ दुर्घटना मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है। विश्व सडक़ सांख्यिकी के अनुसार, 2018 में सडक़ दुर्घटना से होने वाली मौतों की संख्या में भारत दुनिया में पहले स्थान पर था। इसके बाद चीन और अमेरिका का नंबर आता है।केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, देश भर में होने वाली कुल सडक़ दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं। कुल सडक़ दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके बावजूद सडक़ यातायात इंजीनियरिंग और नियोजन के दौरान इस विषय पर ध्यान नहीं दिया जाता। यातायात इंजीनियरिंग और नियोजन सडक़ों को विस्तृत करने तक ही सीमित है, जिसके कारण कई बार सडक़ों और राजमागरे पर ब्लैक स्पॉट बन जाते हैं। ब्लैक स्पॉट वे स्थान होते हैं, जहां सडक़ दुर्घटना की आशंका सबसे अधिक रहती है। सडक़ दुर्घटनाओं के कारण होने वाली 80 प्रतिशत मौतों के लिए वाहन चालक प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होते हैं। यह तथ्य देश में अच्छे ड्राइविंग स्कूलों की कमी की ओर भी इशारा करता है। सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 'भारत में सडक़ दुर्घटनाएं' शीषर्क वाली रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2022 में सडक़ दुर्घटना में लगभग 68 प्रतिशत मौतें ग्रामीण क्षेत्रों में हुई, जबकि कुल दुर्घटना मौतों में शहरी क्षेत्रों का योगदान 32 फीसद रहा। दुर्घटनाओं और मृत्यु दर, दोनों में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी सर्वाधिक रही।यूं तो सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए केंद्र सरकार अपने स्तर पर काफी प्रयास कर रही है, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं। सडक़ सुरक्षा के बारे में प्रभावी जन जागरु कता बढ़ाने के लिए सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से मीडिया के सभी माध्यमों द्वारा विभिन्न प्रचार उपाय एवं जागरु कता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा मंत्रालय सडक़ सुरक्षा समर्थन के संचालन के लिए विभिन्न एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भी योजना का संचालन कर रहा है। इंजीनियरिंग योजना स्तर पर सडक़ सुरक्षा को सडक़ डिजाइन का एक अभिन्न अंग बनाया गया है। सभी राजमार्ग परियोजनाओं का सभी चरणों में सडक़ सुरक्षा ऑडिट अनिवार्यकिया गया है। इसके साथ ही मंत्रालय ने वाहन की अगली सीट पर ड्राइवर की बगल में बैठे यात्री के लिए एयरबैग के अनिवार्यप्रावधान को लागू किया है। इसके साथ ही कानूनों और प्रवर्तन में सुधार, ढांचागत परिवर्तनों के माध्यम से सडक़ों को सुरक्षित बनाना और सभी वाहनों में जीवनरक्षक तकनीक उपलब्ध कराना जरूरी किया जाना चाहिए।असल में सडक़ हादसों में कमी लाने के लिए जरूरी है कि लोगों के व्यवहार में परिवर्तन का प्रयास किया जाए। हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, क्योंकि अधिकांश सडक़ दुर्घटनाएं इन्हीं कारणों से होती हैं। लोगों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने के प्रति जागरूक करना होगा। वहीं दुर्घटना के बाद तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराना और पीड़ति को जल्द अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। दुर्घटना के बाद आस–पास खड़े लोग घायल की जान बचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, देश भर में होने वाली कुल सडक़ दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं। कुल सडक़ दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके बावजूद सडक़ यातायात इंजीनियरिंग और नियोजन के दौरान इस विषय पर ध्यान नहीं दिया जाता।

अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर लोग आमादा

लोग खुद ही अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर आमादा हों, तो उस समाज को आखिर कौन बचा सकता है? डॉक्टर चेतावनी देते–देते थक गए हैं कि प्रदूषण जानलेवा भी हो सकता है। मगर जागरूकता और जवाबदेही का अभाव जस–का–तस है। छठ के मौके पर दिल्ली में यमुना के प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच तू तू–मैं मैं अब इतनी आम हो गई है कि लोग उससे ऊबने लगे हैं। मुद्दा है कि जब यह स्थायी समस्या है, तो छठ के बाद उस पर इन दोनों पार्टियों का ध्यान क्यों नहीं होता, जिनकी केंद्र और (केंद्र शासित) प्रदेश में सरकारें हैं? फिर सामान्य दिनों में नागरिक समाज को भी इसकी कोई फिक्र नहीं होती। यही हाल दिल्ली और आसपास के इलाकों में इस सीजन में बढऩे वाले वायु प्रदूषण की है। फिर वही हुआ। एक और दिवाली आई और फिर दिल्ली एनसीआर स्मॉग की चादर से ढक गया। पटाखों पर प्रतिबंध सिर्फ कागज पर रहा। लोगों ने जितनी मांग की, उतने पटाखे दुकानों में बिके, लोगों ने खरीदे और मन भर कर जलाए भी। अब लोग खुद ही अपनी सेहत को दांव पर लगाने पर आमादा हों, तो उस समाज को आखिर कौन बचा सकता है? डॉक्टर चेतावनी देते–देते थक गए हैं कि प्रदूषण सिर्फ थोड़ी–सी खांसी ही नहीं देता, बल्कि यह जानलेवा तक साबित हो सकता है।

सिद्धार्थ स्टारर मिस यू का टीजर रिलीज

सिद्धार्थ मिस यू का टीजर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ, अदिति राव हैदरी के साथ अपनी वास्तविक जीवन की परीकथा जैसी शादी के बाद, अपनी आगामी फिल्म मिस यू के साथ एक बार फिर दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। यह रोमांटिक ड्रामा, जिसे गर्मी के दिन की हल्की हवा होने का वादा किया गया था, अपने हाल ही में जारी टीजर के साथ ही चर्चा का विषय बन गया है।

विजय सेतुपति द्वारा जारी किया गया टीजर भावनाओं और प्रत्याशा की दुनिया की एक आकर्षक झलक है। सिद्धार्थ, जो अपनी आकर्षक और संयमित अपील के लिए जाने जाते हैं, एक ऐसी भूमिका में पूरी तरह से ढले हुए लगते हैं जो दिल को छू लेने का वादा करती है। आशिका रंगनाथ के साथ उनकी केमिस्ट्री स्पष्ट है, जो एक ऐसी प्रेम कहानी की ओर इशारा करती है जो दर्शकों को पसंद आएगी।

निर्देशक राजशेखर, एक प्रतिभाशाली तमिल फिल्म निर्माता, फिल्म में एक अनूठा दृष्टिकोण लेकर आए हैं, जो टीजर के शानदार दृश्यों और रोमांटिक क्षणों में स्पष्ट है। सिद्धार्थ का स्टाइलिश लुक और आशिका की आकर्षक उपस्थिति एक आकर्षक दृश्य जोड़ी बनाती है। टीजर सिर्फ़ एक पूर्वावलोकन से कहीं ज़्यादा है; यह एक आकर्षक सिनेमाई अनुभव का वादा है, जो दर्शकों को 29 नवंबर को फ़िल्म की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार कराता है।

प्रशंसक पहले से ही फ़िल्म के कथानक के बारे में अनुमान लगा रहे हैं, लेकिन एक बात पक्की है: मिस यू एक ज़रूर देखने वाली फ़िल्म होने का वादा करती है। टीजर ने सफलतापूर्वक एक दिल को छू लेने वाली और आकर्षक कहानी के लिए मंच तैयार किया है, जो दर्शकों को स्क्रीन पर प्रेम कहानी को देखने के लिए उत्सुक बनाता है। जबकि प्रत्याशा हमेशा यात्रा का हिस्सा होती है, उम्मीद है कि मिस यू हमें बहुत लंबा इंतज़ार नहीं करवाएगी – क्योंकि एक अच्छी फ़िल्म का इंतज़ार करना प्यार के इंतज़ार जैसा है: यह हमेशा आपकी अपेक्षा से ज़्यादा लंबा लगता है!

घाटी से अनुष्का शेट्टी की पहली दमदार झलक जारी

बाहुबली एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी 43 साल की हो गई हैं. इस खास दिन पर फैंस से लेकर फिल्म इंडस्ट्री तक के लोगों ने अपने–अपने अंदाज में क्वीन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी.

यूवी क्रिएशन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी आगामी फिल्म घाटी से अनुष्का शेट्टी की झलक शेयर की है और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं. खास झलक में बर्थडे गर्ल के खूंखार अवतार ने उनके फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है. फिल्म की झलक साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, खूंखार और खतरनाक. द क्वीन अनुष्का शेट्टी की सांस लेती आग. घाटी झलक आउट. तेलुगू, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में घाटी.घाटी की स्टोरी की बात करें तो यह एक ऐसी महिला की स्टोरी हैजो एक पीड़ित, एक अपराधी और एक लीजेंड है.

ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में घुसकर चटाई धूल, 295 रन से पर्थ टेस्ट जीती टीम इंडिया

पर्थ, भारतीय क्रिकेट टीम ने जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन करते हुए पर्थ टेस्ट जीत लिया है. इसी के साथ टीम इंडिया ने बॉर्डर–गावस्कर सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है, जो वाकई इस दौरे की शुरुआत के लिए शानदार है. मैच की बात करें, तो जसप्रीत बुमराह एंड कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया को 534 रनों का लक्ष्य दिया गया था. मगर, कंगारू टीम भारतीय पेस अटैक के सामने लाचार दिखी और 238 पर ही ऑलआउट हो गई.भारतीय क्रिकेट टीम ने पर्थ टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था और कप्तान जसप्रीत बुमराह ने उस फैसले को बिलकुल सही साबित कर दिया है.

जसप्रीत बुमराह एंड कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया को पर्थ टेस्ट में 534 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन कंगारू टीम इस लक्ष्य के आस–पास भी नहीं पहुंच पाई और 238 रन पर ही ऑलआउट हो गई. नतीजन, टीम इंडिया ने इस मैच को 295 रन से जीत लिया है.ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट खेलना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता, खासतौर पर एशियाई टीमों के लिए वहां काफी चैलेंज होते हैं. मगर, भारतीय टीम एक बार फिर साबित करने में सफल हो गई की वो कहीं भी अपना परचम लहरा सकती है. इंडिया ने भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट लिए थे और दूसरी पारी में भी उन्होंने 3 विकेट लिए.

इस तरह बुमराह ने 8 विकेट झटके. वहीं, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 5 विकेट हासिल किए. डेब्यूडेंट हर्षित राणा ने 4 विकेट चटकाए. नितीश रेड्डी ने 1 और वॉशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट लिए.

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पर्थ टेस्ट में अपनी तेजतर्रार बॉलिंग से कंगारुओं को चारों खाने चित्त कर दिए. बुमराह की कप्तानी में टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट जीत लिया है.

शादी के बाद सेट पर पहुंचीं सुरभि ज्योति, सबसे खुश दिखीं तो फैंस बोले– माशाअल्लाह

न्यूली वेड टीवी जगत की स्टाइलिश और खूबसूरत अभिनेत्री सुरभि ज्योति ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो मोंटाज शेयर किया, जो शूटिंग सेट का है। इसमें नागिन स्टार काफी खुश नजर आ रही हैं।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सुरभि ज्योति ने लिखा सेट पर सबसे खुश। वीडियो मोंटाज में अभिनेत्री कई खूबसूरत लिबास में सादगी के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। प्रशंसक उनकी पोस्ट को काफी पसंद कर रहे हैं।एक प्रशंसक ने कैप्शन में लिखा ह्यमाशाअल्लाह मेरी प्रिंसेज, एक अन्य ने लिखा अब आपकी वापसी हो गई, हम

इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। दूसरे ने लिखा आप हर लुक में कमाल की लगती हैं।बता दें कि अभिनेत्री पिछले महीने 27 अक्टूबर को बॉयफ्रेंड सुमित सूरी संग शादी के बंधन में बंधी थीं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें प्रशंसकों के साथ शेयर की थी। इस विवाह के गवाह दोनों के करीबी रिश्तेदार और दोस्त बने थे। अभिनेत्री ने शादी की तस्वीरों के साथ हल्दी, मेंहदी, म्यूजिक नाइट्स समेत कई रस्मों की तस्वीरें भी शेयर की थीं, जिसमें पहली रसोई की तस्वीरें भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने पहली रसोई में हलवा बनाया था।सुरभि ने पंजाबी फिल्मों इक कुड़ी पंजाब दी, रौला पै गया और मुंडे पटियाला दे के साथ–साथ पंजाबी टीवी सीरीज ह्यअखियां ते दूर जाए ना में भी काम किया है। सुरभि रोमांटिक–ड्रामा कुबूल है में जोया फारूकी की भूमिका निभाने के बाद घर–घर लोकप्रिय हो गई थीं, जिसके लिए उन्हें कई पुरस्कार भी मिले।

पर्थ पहुंचते ही पिंक बॉल टेस्ट की तैयारी में जुटे रोहित

पर्थ, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सोमवार को पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट के चौथे दिन टीम से जुड़ गए। रोहित रविवार को वहां पहुंचे और सोमवार को टीम के ड्रेसिंग रूम में कोच गौतम गंभीर के साथ नजर आए।अपने बेटे के जन्म के कारण पर्थ में पहला टेस्ट मैच मिस करने वाले रोहित भारत की टेस्ट टीम के नियमित कप्तान हैं। रोहित ने दूसरे टेस्ट की तैयारी शुरू कर दी है। वह नेट्स पर जमकर प्रैक्टिस करते हुए दिखाई दिए।फॉक्स स्पोर्ट्स ने यह भी दिखाया कि रोहित लंच ब्रेक के दौरान पर्थ में नेट्स पर गुलाबी गेंद से अभ्यास कर रहे थे, जिसमें रिजर्व खिलाड़ी नवदीप सैनी, यश दयाल और मुकेश कुमार उन्हें गेंदबाजी कर रहे थे। भारत को 30 नवंबर और 1 दिसंबर को कैनबरा के मनुका ओवल में प्रधानमंत्री इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय पिंक गेंद अभ्यास मैच खेलना है, जिसके बाद 6–10 दिसंबर तक एडिलेड ओवल में डे–नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा।

पर्थ टेस्ट : ख्वाजा के फैसले की क्लार्क ने की आलोचना

पर्थ, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान माइकल क्लार्क ने भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में डेब्यू कर रहे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को पहली गेंद खेलने देने के उस्मान ख्वाजा के फैसले की आलोचना की।

यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली के शतकों की बदौलत भारत ने अपनी दूसरी पारी 487/6 पर घोषित कर ऑस्ट्रेलिया को 534 रनों का विशाल लक्ष्य दिया था। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें और बढ़ गई। एक विशाल लक्ष्य के जवाब में मेजबान टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज मैकस्वीनी सिर्फ चार गेंद ही खेल सके और जसप्रीत बुमराह की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए।

चौथे दिन ख्वाजा भी सिराज का शिकार हुए। क्लार्क ने स्काई स्पोर्ट्स के बिग स्पोर्ट्स ब्रेकफास्ट शो में कहा, बहुत से लोग पहली गेंद खेलना पसंद नहीं करते, इसलिए ओपनिंग बल्लेबाज रोटेट करते हैं। ख्वाजा ने पहली पारी में पहली गेंद खेली, जबकि दूसरी पारी में मैकस्वीनी ने यह जिम्मा उठाया। लेकिन मुझे लगता है कि ख्वाजा को ही दूसरी पारी में पहली गेंद खेलना चाहिए था। उन्हें कहना चाहिए था मैं एक सीनियर खिलाड़ी हूं। मैं जानता हूं कि तुम ऐसा करना चाहते हो लेकिन मुझे इसका लुत्फ उठाने दो।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की आलोचना भी की कि जब भारत ने दूसरी पारी में बल्लेबाजी की और विशाल स्कोर बनाया तो गेंद और मैदान पर फील्डिंग में कोई संघर्ष नहीं दिखा। क्लार्क ने कहा, ऐसा लग रहा था कि हम भारत को फिर से कम समय में हराने की उम्मीद कर रहे थे, कोई इरादा नहीं था। वे हमारे सामने थे, लेकिन मैंने हमारे किसी भी गेंदबाज को किसी भी भारतीय बल्लेबाज पर हावी होते नहीं देखा।

एक नजर

वॉलीबॉल प्रतियोगिता 29 नवंबर से

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शिव-द्वारिका स्मृति वॉलीबाल प्रतियोगिता 29 नवंबर से ग्राम डोबा में आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के आयोजन कर्नल (सेनि.) बुद्धिबल्लभ ध्यानी, दिनेश चंद्र ध्यानी व जनार्दन प्रसाद ध्यानी ने बताया कि प्रतियोगिता इंटर कालेज धौलखेत में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ लैंसडौन विधायक दलीप रावत, ब्लाक प्रमुख दीपक भंडारी करेंगे। इच्छुक प्रतिभागी इंटर कालेज धौलखेतखाल में सूरज रमोला से मिलकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

सीडीओ ने ठेकेदार पर लगाई पेनल्टी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने एकेश्वर ब्लॉक में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का सोमवार को निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान सीडीओ ने जणदादेवी-एकेश्वर-सतपुली मोटरमार्ग में डामरीकरण का निरीक्षण किया। कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही मिलने पर संबंधित अफसर के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।डामरीकरण में गुणवत्ता खराब पाए जाने पर सीडीओ ने डामरीकरण का काम फिर से करते हुए ठेकेदार पर पेनल्टी लगाने के निर्देश संबंधित अफसर को दिए। ग्राम कमेड़ी गुरुत्व पेयजल योजना के निरीक्षण के दौरान सामने आया कि अभी ग्रामीणों को पुरानी पेयजल योजना से ही पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। नई पेयजल योजना के पाइप हवा में झूल रहे है। सीडीओ ने पाइपों को मानक के अनुसार जमीन के नीचे दबाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने सिमारखाल-देदार पेयजल योजना के तहत सिमारखाल बाजार में पेयजल कनेक्शन देने, डंडा-मुंडयाडी-बछेली-बग्याली मोटरमार्ग के निर्माण के दौरान सड़क के नीचे दबाई गई सालकोट ग्रामीणों की पेयजल योजना को सड़क दबान से हटाने, सोलिंग में उपयोग किए जा रहे पत्थरों की गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। सीडीओ ने संबंधित अफसरों को निर्माण कार्यों में लापरवाही नहीं बरतने के भी निर्देश दिए।

50 डॉक्टरों का एमडी-डीएनबी कोर्स को चयन

श्रीनगर गढ़वाल : वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर से पासआउट एमबीबीएस डॉक्टरों का प्रथम नीट पीजी काउंसिलिंग के बाद देश के विभिन्न मेडिकल संस्थानों में एमडी, एमएस और डीएनबी पीजी कोर्स के लिए चयन हुआ है। तकरीबन विभिन्न बैच के 50 चिकित्सकों का चयन हुआ है। चिकित्सकों के चयन पर संस्थान के संकाय सदस्यों में भी खुशी का माहौल है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने बताया कि प्रथम नीट पीजी काउंसलिंग के बाद श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से पास आउट 50 से अधिक चिकित्सकों का देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है।

ट्रांसफार्मर की क्षमता 5 एमबीए से बढ़ाकर 8 एमबीए की

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए बिजली की समस्या को दूर करने के लिए ऊर्जा निगम ने ट्रांसफार्मर की क्षमता 5 एमबीए से बढ़ाकर 8 एमबीए कर दी है। जिससे घस्या महादेव, डांग, बिलकेदार आदि क्षेत्र को बिजली से संबंधित समस्याओं से निजात मिलेगी। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आबादी के कारण बिजली की समस्या बनी रहती थी। जिससे निजात पाने के लिए कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता को जल्द ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए थे। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता जीएस रावत ने कहा कि आने वाले लगभग 5 वर्षों तक बढ़ते कनेक्शनों के कारण ट्रांसफार्मर पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

जिला स्तरीय ट्रायल 26 को

रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड से अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिताओं में हर वर्ष प्रतिभाग करने वाली सिविल सर्विसेज टीमों के गठन के लिए जनपद स्तरीय चयन ट्रायल्स अगस्त्यमुनि मैदान में आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, कैरम, चैस, हॉकी, कबड्डी, लॉगटेनिस, वेट लिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग, वेस्टफिजिक्स, तैराकी, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, कुश्ती, खो-खो, योग (पुरुष/महिला) क्रिकेट, फुटबॉल (पुरुष) की जनपद स्तरीय चयन ट्रायल्स 26 नवंबर को प्रातः 9 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम अगस्त्यमुनि खेल मैदान में आयोजित किए जाएंगे।

समिति ने अशोक सिंह गर्ब्याल व बलवंत सिंह पंवार को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बेहतर समाज सेवा के लिए कण्वाश्रम ग्राम स्वराज्य समिति की ओर से पूर्व उपायुक्त अशोक सिंह गर्ब्याल को मान सिंह रावत सर्वोदय सम्मान और पूर्व पुलिस उपनिरीक्षक बलवंत सिंह पंवार को स्व. शशिप्रभा रावत सर्वोदय सम्मान दिया गया।

सोमवार को हल्दूखाता स्थित राजेश्वरी करुणा बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में गढ़वाल सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष डा. सुरेंद्र लाल आर्य ने स्व. मान सिंह रावत व स्व. शशिप्रभा रावत के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दंपति ने अपना पूरा जीवन महात्मा गांधी व विनोवा भावे के सर्वोदय विचारों के प्रवाह हेतु समर्पित कर दिया। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। नेत्र सिंह रावत ने कहा कि सर्वोदय विचार आज सर्वाधिक प्रासंगिक है, जिससे सर्व-धर्म समभाव को गति मिलेगी। पूर्व उपायुक्त अशोक कुमार गर्ब्याल ने कहा कि आज भी बोक्सा जनजाति वर्ग विकास की बाट जोह रहा है। ऐसे में हमें इसके हितों को लेकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में बेहतर समाज सेवा के लिए अशोक सिंह गर्ब्याल व बलवंत सिंह पंवार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गिरिराज सिंह रावत, राजेंद्र सिंह नेगी, विनय किशोर रावत, इंदु डबराल, उषा देवी, दीपा देवी, मंजु रावत, डा. शीलसौरभ रावत, दीपक कुकरेती, श्रद्धा सुमन नेगी, बृजेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. गीता रावत शाह ने किया।

कार्यक्रम में बेहतर समाज सेवा के लिए अशोक सिंह गर्ब्याल व बलवंत सिंह पंवार को सम्मानित करते समिति सदस्य।

पूर्व मुख्यमंत्री ने रिया खत्री को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पदमपुर मोटाढ़ाक स्थित बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा रिया खत्री ने उत्तराखंड बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में अंडर-14 में पंजाब और अंडर-17 में कर्नाटक में प्रतिभाग कर प्रदेश का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने रविवार देर शाम को रिया खत्री के आवास पर पहुंच कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर छात्रा की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रिया के इस प्रदर्शन से अन्य छात्रों को भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि यह सब छात्रा की इच्छा शक्ति और उनके शिक्षकों की मेहनत से संभव हुआ है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इस दौरान विद्यालय कॉर्डिनेटर हिमानी रावत, शारीरिक शिक्षक सतीश मौर्य, सौरव पाण्डेय और सुनीता खत्री आदि मौजूद रहे।

रिया खत्री को सम्मानित करते पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत

शिविर में 14 महिलाओं ने कराई नसबंदी

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : सोमवार को परिवार नियोजन पखवाड़े के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चाकीसैंण में परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 14 महिलाओं का नसबंदी ऑपरेशन किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी चौहान ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 21 नवंबर से 4 दिसम्बर तक परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। डॉ. चौहान ने उपस्थित लोगों को परिवार नियोजन के संबंध में जानकारी दी। बताया कि अधिक से अधिक नसबंदी कराए जाने को महिलाओं को प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर संयुक्त चिकित्सालय श्रीनगर के जनरल डॉ. नीतिश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

प्रतियोगिताओं में ग्रीन हाउस का दिखा दबदबा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : हैप्पी होम स्कूल में वार्षिक एथेलेटिक मीट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में ग्रीन हाउस का दबदबा देखने को मिला। इस दौरान अभिभावकों के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका ऊषा सिंह व प्रधानाचार्य शालिनी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। खेल कप्तान मो. अर्श सलमानी व सलोनी अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए जूनियर व सीनियर वर्ग में दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं के सीनियर वर्ग में ग्रीन हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ग्लैडविन मेमोरियल ट्राफी अपने नाम की। उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में सीनियर वर्ग के मोहित व जूनियर वर्ग में अनिरुद्ध किमोठी ने श्री आरके सिंह मैमोरियल ट्राफी अपने नाम की। छात्रा ईशा ध्यानी को बेस्ट एथलीट की ट्राफी दी गई। अभिभावकों की गोला फेंक प्रतियोगिता मो. बिलाल सैफी प्रथम, रघुवीर सिंह द्वितीय व दिनेश अग्रवाल तृतीय रहे। महिला वर्ग की पचास मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अनीता बिष्ट ने प्रथम, दीपा देवी ने द्वितीय व रजनी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व, विद्यार्थियों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सब जूनियर वर्ग की पचास मीटर दौड़ के बालिका वर्ग में अवनी प्रथम, मानवी द्वितीय व आस्था तृतीय रही। जबकि बालक वर्ग में देवांश नेगी, कार्तिक व राबिन सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालिका वर्ग की पचास मीटर दौड़ में अंबिका नेगी, अदिति व अंशिका नेगी, सौ मीटर में अवनेश चौधरी, अंशिका नेगी व प्रज्ञा रावत, दो सौ मीटर दौड़ में अंबिका नेगी, सोफिया व अराध्या जदली और चार सौ मीटर में आराध्या जदली, श्रेया व पलक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग की पचास मीटर दौड़ में कार्तिक, रेहान व अभिनव रावत, सौ मीटर में अनिरूद्ध किमोठी, रितेश कुमार व अभिनव रावत, दो सौ मीटर दौड़ में अनिरूद्ध रावत, कार्तिक व वंश और चार सौ मीटर में रितेश कुमार, श्रेयांश रमोला व रेहान क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग की पचास मीटर दौड़ में नसरा, आईश रमोला व वंशिका, सौ मीटर में अदिबा शम्सी, नसरा व ईशिता मित्तल, दो सौ मीटर दौड़ में सिया रावत, अनन्या बिष्ट व शरीन शैफी और चार सौ मीटर में सिया रावत, आईशा रमोला व रूचिका रमोला क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग की पचास मीटर दौड़ में मोहित, अभिषेक खेतवाल व देवेश घिल्डियाल, सौ मीटर में मोहित, देवेश घिल्डियाल व अंश मैसी, दो सौ मीटर दौड़ में निपुन शर्मा, तनुज बिष्ट व आयुष चटर्जी और चार सौ मीटर में निपुन शर्मा, आदित्य फ्रैंसिस व हिमांशु लखेड़ा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

आयोजित एथलेक्टिक्स मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा को सम्मानित करते सदस्य

प्रमुख ने 120 कर्मियों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : एकेश्वर ब्लाक मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में विकासखंड स्तर पर विभिन्न विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने वाले 120 कर्मियों का सम्मान किया गया। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश चंद्र गुणवंत ने कहा कि कर्मचारी विकास योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करने की अहम कड़ी होते हैं।

ब्लाक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गिरीश चंद्र गुणवंत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। इस कड़ी के कमजोर पड़ने पर विकास की रफ्तार प्रभावित होती है। यदि यह कड़ी मजबूत होती है तो विकास योजनाएं तेजी से साकार रूप लेती हैं। ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी ने बताया कि पांच साल के कार्यकाल में जिला स्तर से लेकर ब्लाक स्तर पर हर अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षकों का विकास कार्यों में सहयोग मिला है। कहा कि वह इस विकास यात्रा में विकास के सारथी रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। समारोह में मुख्य कृषि अधिकारी विकेश कुमार यादव, लोनिवि के अधिशासी अभियंता केएस नेगी, जल संस्थान के अधिशसी अभियंता एसके राय, सहायक खंड विकास अधिकारी गौतम कुमार, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी इंदू गोदियाल, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता संदीप मौर्य, ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता मुकेश कुमार, जल निगम के सहायक अभियंता एनके सती व आरपी बुड़ाकोटी सहित 120 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश शाह ने किया।

ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी ब्लॉक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में अधिकारी को सम्मानित करते हुए।

सुदर्शन विजेता व युद्धवीर रहे उपविजेता

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से सोमवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए कैरम और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर आयोजित कैरम प्रतियोगिता के एकल वर्ग में सुदर्शन सिंह बिष्ट विजेता और युद्धवीर सिंह रावत उपविजेता रहे।

स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित प्रतियोगिता का आरंभ संगठन अध्यक्ष सेनि. कैप्टेन पीएल खंतवाल ने किया। उन्होंने कहा कि संगठन वरिष्ठ नागरिकों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रहा है और समय-समय पर संगठन की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया जाता है। मौके पर आयोजित कैरम प्रतियोगिता के एकल वर्ग में सुदर्शन सिंह बिष्ट विजेता और युद्धवीर सिंह रावत उपविजेता रहे। युगल वर्ग में जयवीर सिंह रावत व युद्धवीर सिंह रावत विजेता और राजेंद्र प्रसाद पंत और राजेंद्र बिष्ट उपविजेता रहे। वही शतरंज प्रतियोगिता के एकल वर्ग में रघुवीर सिंह रावत विजेता और प्रवेश नवानी उपविजेता रहे। प्रतियोगिता में शंकर दत्त गौड़ ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

अपर कालाबड़ में हाथी ने मचाया उत्पात

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अपर कालाबड़ में एक हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथी ने चहारदीवारी क्षतिग्रस्त कर दी। वहीं कई अन्य नागरिकों के केले के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने किसी तरह हाथी को जंगल में खदेड़ा।

कालाबड़ निवासी समाजसेवी गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल ने बताया कि शनिवार रात को करीब 11 बजे एक हाथी रेंज कार्यालय की हाथी रोधी दीवार को तोड़कर अपर कालाबड़ में घुस गया। यहां हाथी ने प्रफुल्ल डबराल की चहारदीवार तोड़ डाली। साथ ही उनके केले के पेड़ भी उखाड़ डाले। इसके बाद हाथी ने सुनील बड़थ्वाल और गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल के खेतों में खड़े केले के पेड़ नष्ट कर डाले। उन्होंने बताया कि पटाखे फोड़ने के बाद भी हाथी टस से मस नहीं हुआ। जिस पर लोगों ने शोर मचाकर और कनस्तर बजाकर करीब तीन घंटे बाद हाथी को जंगल में खदेड़ने में सफलता पाई। उधर, रेंजर विपिन चंद्र जोशी ने बताया कि हाथी तीन दिनों से पनियाली बीट में ही घूम रहा है। शनिवार रात को हाथी ने सुरक्षा दीवार तोड़ने के साथ ही अपर कालाबड़ में लोगों की चहारदीवारी और केले के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया है। हाथी को आबादी से दूर रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कला उत्सव में प्रतिभा दिखाएंगे छः स्कूलों के छात्र

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला मुख्यालय के विभिन्न स्कूलों के बच्चे राज्य स्तरीय कला उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसमें जिले के दस छात्र-छात्राएं संगीत गायन, संगीत वादन, दृश्य कला आदि प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। जिला स्तर पर इन छात्रों का चयन बीते 11 नवंबर को हुआ। राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद ये सभी छात्र-छात्राएं जनवरी में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा के तहत पौड़ी जिले 6 स्कूलों में छात्र-छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय कला उत्सव के तहत हुआ है। समग्र शिक्षा की जिला समंवयक (पैडागॉजी) गरिमा व्यास ने बताया कि कला उत्सव के लिए पीएमश्री राकइंका श्रीनगर से संगीत गायन (एकल) में खुशी रावत व पारंपरिक कहानी वाचन में हेमा व सोनाली, संगीत वादन (समूह) में पीएमश्री राजीव गांधी नवोदय विद्यालय संतूधार के पीयूष, दिव्य, अभय व भावेश शामिल हैं। श्रीगुरू रामराय पब्लिक स्कूल पौड़ी से दृश्य कला (त्रिआयामी) में प्रियंका नेगी व नाटक (एकल) में आर्यन, नृत्य (एकल) में राइंका जगतेश्वर की करिश्मा का चयन हुआ है। बताया कि बीते 11 नवंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम विजेताओं को राज्य स्तरीय कला उत्सव के लिए चयनित किया गया।

नवीन असवाल को किया सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : स्व. शिवदर्शन सिंह नेगी की जयंती पर बिलकेदार में विद्यालयी शिक्षा स्तर पर गणित शिक्षण के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग करने और शिक्षा उन्नयन में उल्लेखनीय योगदान देने पर शिक्षक नवीन सिंह असवाल को शिवदर्शन सिंह नेगी स्मृति आखर विज्ञान-गणित शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षक नवीन सिंह असवाल राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बमणगांव, रिखणीखाल में कार्यरत है। शिक्षक को सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र, मान पत्र, विशेष आखर स्मृति चिह्न और पांच हजार एक सौ रुपये की नकद धनराशि भेंट की गई। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं सुप्रसिद्ध लेखक डॉ. अरुण कुकसाल ने कहा कि स्व. शिवदर्शन सिंह नेगी एक रचनाशील, कल्पनाशील, प्रयोगधर्मी एवं आदर्श शिक्षक थे। कार्यक्रम में शिक्षक नेता शिव सिंह नेगी ने भी विचार रखे। इस मौके पर आखर ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप रावत, शशिधर पोखरियाल, सुप्रसिद्ध कवि जय कृष्ण पैन्यूली, बिमलेश्वरी नेगी, अनिल स्वामी, डॉ. प्रदीप अण्थवाल, सतीश काला, गंगा असनोड़ा थपलियाल सहित आदि मौजूद थे।

सोसायटी ने महिलाओं को दिए सैनिटरी नैपकिन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : वेलफेयर सोसायटी की ओर से महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए। इस दौरान सदस्यों ने महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया। सोमवार को दुर्गापुरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कहा कि महिलाओं के हितों को लेकर सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। उन्होंने हस्तकला सखी अनीता उपाध्याय द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की भी सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। भाजपा नेत्री अनीता आर्य ने महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम संयोजिका शिवांगी जोशी ने कहा कि महिलाओं को जागरूक करने के लिए सोसायटी की ओर से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क सैनेटरी नैपकिन वितरित किए जा रहे हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्वेता त्रिपाठी, मीनू डोबरियाल, गौरव जोशी, ऋतु आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार के दुर्गापुरी में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते सदस्य

डॉ. निर्देश की सूझबूझ से महिला को मिला नया जीवन

जिला चिकित्सालय के डॉक्टर एवं स्टाफ ने निभाई देवदूत की भूमिका

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप क्यों कहा जाता है इसकी नजीर जनपद रुद्रप्रयाग के चिकित्सकों ने पेश की है।

जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग के एनेस्थेटिक डॉ. निर्देश कुमार की सूझबूझ और अन्य डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ की त्वरित कार्यवाही से एक बेहद क्रिटिकल केस से जूझ रही महिला को नया जीवन मिल सका। महिला के लिए देवदूत बनकर आए जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग के डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य लोगों को महिला के परिवार ने तो धन्यवाद दिया ही स्थानीय लोग भी खूब सराहना कर रहे हैं।

बीते रोज रविवार रात कार्नुअल एक्टोपिक प्रेग्नेंसी (सीईपी) से जूझ रही 24 वर्षीय एक महिला को कर्णप्रयाग अस्पताल से श्रीनगर बेस अस्पताल के लिए रेफर किया गया। एंबुलेंस का टेक्निकल स्टाफ रात करीब साढ़े 8 बजे ऑक्सीजन रिफिल करवाने के लिए जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग में पहुंचा। इसी वक्त डॉ. निर्देश एक मरीज को देखने के लिए जा रहे थे। एम्बुलेंस ड्राइवर एवं टेक्निकल स्टाफ से मरीज के बारे में पूछा तो उन्होंने स्थिति की गंभीरता बताते हुए अस्पताल से ऑक्सीजन जल्दी दिलाने में मदद मांगी। डॉ. निर्देश ने ऑक्सीजन लेने के दौरान मरीज को वार्ड में रखने की सलाह देते हुए मरीज को अन्य अनिवार्य फ्ल्यूड चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की। फ्ल्यूड चढ़ाने के दौरान जब डॉ. निर्देश को महिला की पल्स और बीपी नहीं मिली तो महिला की जान जाने के खतरे का अंदेशा भांपते हुए उन्होंने संबधित डॉक्टरों को सूचित कर राय मांगी। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनालिनी सिंह सहित अन्य डॉक्टरों ने एकमत से महिला को ईलाज देना तय किया। आनन-फानन में प्रेग्नेंसी एवं अन्य टेस्ट करवाए गए। महिला को दो यूनिट ब्लड चढ़ाने के बाद उनकी पल्स और बीपी कुछ सामान्य हुए। इसके बाद अल्ट्रासाउंड करने पर बच्चेदानी में बच्चे का कोई ट्रेस नहीं मिला तो डॉक्टरों ने कार्नुअल एक्टोपिक प्रेग्नेंसी (सीईपी) की संभावना देखते हुए महिला का ऑपरेशन करने का निर्णय लिया।

ऑपरेशन से ठीक पहले महिला के ब्लड ग्रुप का ब्लड नहीं मिलने की समस्या सामने आ गई। मौके पर मौजूद पैथोलॉजिस्ट डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि उनकी धर्मपत्नी का ब्लड ग्रुप महिला से मैच करता है।

उन्होंने अपनी पत्नी डॉ. श्वेतांगी जखमोला को केस की जानकारी दी तो वह तुरंत रक्तदान करने पहुंची। रात 11 बजे बाद महिला का ऑपरेशन शुरू हुआ ऑपरेशन में कॉर्नुअल एक्टोपिक प्रेग्नेंसी (सीईपी) मिली कई जगह पर फैलोपियन ट्यूब रप्चर (क्षतिग्रस्त) भी पाई गई और पेट में खून भी भरा हुआ था। महिला का ऑपरेशन सफल रहा और अब वह खतरे से बाहर है। नया जीवन मिलने पर उनके पूरे परिवार ने जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य स्टाफ को धन्यवाद दिया।

ऑपरेशन में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

महिला के ऑपरेशन में निश्चेतक(एनेस्थेटिक) डॉ. निर्देश कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनालिनी सिंह, नर्सिंग अधिकारी- छवि, अनुपम, आशा, सहायक पदमा, बबीता, रक्तदाता डॉ. श्वेतांगी जखमोला, लैब टेक्नीशियन पंकज वर्मा, प्रियंका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ट्रेन में एसी कोच उपलब्ध करवाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने गढ़वाल सांसद से दिल्ली कोटद्वार के मध्य संचालित होने वाली ट्रेन में एसी कोच उपलब्ध करवाने की मांग की है। कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के हित को देखेते ट्रेन में एक अतिरिक्त बोगी बढ़ाई जानी चाहिए।

सूचना

मैं इतिल अग्रवाल पत्नी श्री नाथीराम अग्रवाल के सरकारी अभिलेखों व सेवा पुस्तिका में स्थाई पताA-44/1 सुभाष नगर, रूड़की, जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड अंकित है। जो मेरे जेठ जी का 35 वर्ष पुराना मकान है, वर्ष 2023 की अतिवृष्टि में मकान जर्जर हो गया है। मेरे द्वारा गुरूग्राम में एक फ्लैट –F.No. 005, रोजपेटल सेक्टर-15, पार्ट-2, चन्दर नगर, गुरूग्राम हरियाणा-122001 खरीदा गया है। मेरा उक्त नवीन स्थाई पता मेरे सरकारी अभिलेखों व सेवा पुस्तिका में दर्ज किया जाए।

सूचना

मैं AADIL RUTSCH S/O MOHAMMAD AZIZ जर्मनी में विगत 30 वर्षों से निवास करता चला आ रहा हूँ, प्रवासी भारतीय नागरिक कार्ड बनाने से पूर्व व वर्तमान में मेरा नाम अब्दुल वाहिद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी रॉबर्ट कालोनी, जौनपुर कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड पिन-246149 के नाम से जानते हैं।

एक नजर

शहर में यातायात जाम ने फिर धीमे किए वाहनों के पहिए

हल्द्वानी। हल्द्वानी शहर में सोमवार को जगह–जगह जाम की स्थिति बनी रही। बस स्टैंड से लेकर बरेली रोड में समय–समय पर जाम लगता रहा। हालात यह रहे कि पांच मिनट का रास्ता तय करने में 25 मिनट लग गए। सोमवार को कोतवाली से लेकर मंगलपड़ाव तक लगातार जाम लगता रहा। जिस कारण लोगों को सफर में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रोडवेज की चार से पांच बसें जाम में जूझने के बाद आगे बढ़ सकीं। सबसे अधिक जाम सिंधी चौक पर लगा। यहां पर चार पुलिसकर्मी तैनात हैं, लेकिन वाहनों का अधिक दबाव जाम को नहीं रोक पाया। जाम का प्रमुख कारण आड़े तिरछे लगे वाहन बस चालक के बीच सड़क पर यात्रियों को उतारना–चढ़ाना रहा। एसपी यातायात हरबंस सिंह ने बताया कि ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर अलर्ट रहने को कहा गया है। वाहनों का अधिक दवाब के कारण हल्का जाम लगना आम है।

हल्द्वानी की तोशी और रुद्रपुर के भव्य बने लिटिल चैंपियन

हल्द्वानी। डोलमार स्थित एक होटल में रविवार को 12वीं लिटिल मास्टर शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। जिसमें बालक वर्ग में रुद्रपुर के भव्य अरोड़ा प्रथम, रुद्रपुर के ही श्रेयांश साहू दूसरे स्थान, हल्द्वानी के गर्वित पंत तीसरे स्थान, हल्द्वानी के ही तोषित जनौटी चौथे स्थान पर व सक्षम दर्शन पांचवें स्थान पर दिव्यांशु क्षत्रा छठे स्थान पर धैर्य बोरा सातवें स्थान पर शिखर आठवें स्थान पर कनव गुप्ता 9वें स्थान पर व हरनीत सिंह दसवें स्थान और तेजस तिवारी 11वें स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में हल्द्वानी की तोशी जनौटी प्रथम, रुद्रपुर की इशिका दूसरे स्थान पर हल्द्वानी की सौम्या तीसरे स्थान पर नैनीताल की रिभीया जोशी चौथे स्थान पर वह आरुषि पांचवें स्थान पर रहीं। शानदार प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को डॉ. हिमांशु कांडपाल एवं हरीश मेहरा ने पुरस्कृत किया। जिला शतरंज संघ नैनीताल ने भी विशेष योगदान दिया। यहां कमलेश बचखेती, भगवत जंतवाल, राजू, नीरज शाह, विकास पांडे, मोहम्मद वसीम, ललित शरद तिवारी रहे।

बुरांश फाउंडेशन ने चलाया स्वच्छता अभियान

बागेश्वर। बुरांश फाउंडेशन ने फरसाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। फाउंडेशन के ज़िला संयोजक राम गिरी गोस्वामी व कार्यक्रम समन्वयक हरेंद्र कुमार घटियाल ने बताया कि फाउंडेशन ने बच्चों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने व समाज में स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम चलाया गया है। इस कार्यक्रम में लगभग 60 स्वयंसेवी विद्यार्थियों और अभिभावकों ने सहयोग प्रदान किया। सात टोलियों में स्वयंसेवियों द्वारा अलग अलग ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उसके बाद एक रैली निकालकर विभिन्न स्लोगन व लोकगीतों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया गया। बुरांश फाउंडेशन के संस्थापक गिरीश पैंतोला ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए आपने जीवन में स्वच्छता की संस्कृति को अपनाने का संदेश दिया। इस अभियान से स्वयंसेवी बच्चों के साथ उनके अभिभावक की अत्यधिक प्रसन्न हैं।

अभिभावकों में नारायण गिरी गोस्वामी बताते हैं कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का नैतिक विकास होता है और उनमें ज़िम्मेदारी का भाव विकसित होता है। इस कार्यक्रम में हरीश टम्टा,योगेश पांडे,पुष्पा प्रवक्ता,सुरेश कांडपाल नंदन गिरी गोस्वामी, धीरेंद्र कोश्यारी,चंचल गिरी,भूपाल सिंह ग्राम प्रधान आदि ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

सड़क चौड़ीकरण के दौरान बिजली पोलों के स्थानांतरण का निरीक्षण

हल्द्वानी। सोमवार को तल्लीताल क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के कार्य के चलते बिजली के पोलों के स्थानांतरण को लेकर ऊर्जा निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान विद्युत नेटवर्क के सही ढंग से स्थानांतरण और पुनर्संरचना को सुनिश्चित करना था, ताकि यातायात में कोई रुकावट न हो और इलाके में बिजली आपूर्ति भी निर्बाध बनी रहे। नैनीताल ऊर्जा निगम के अभियंता और लोनिवि के अधिकारियों ने मिलकर उस स्थान का निरीक्षण किया, जहां बिजली के पोल सड़क चौड़ीकरण कार्य की वजह से हटाए जाने थे।

एक हफ्ते में दें बासा स्टे और पर्यटक आवास गृहों के संचालन संबंधी रिपोर्ट : डीएम

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में पर्यटन विभाग की परिसंपत्तियों के संचालन हेतु नियम एवं शर्तों के निर्धारण के संबंध में जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को बासा स्टे प्रथम व द्वितीय, सतपुली में स्थित हट्स एवं फिशरी सेंटर और विकासखंड कोट में स्थित विश्राम गृह घीड़ी के संचालन हेतु टेंडर प्रकाशन की नियम-शर्तों, धरोहर राशि और संचालन शुल्क का निर्धारण करने के संबंध में एक सप्ताह के अंतर्गत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में संपन्न बैठक में विकासखंड पोखड़ा में स्थित पर्यटक आवास गृह के भवन पर राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के संचालन के संबंध में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने बताया कि मुख्यालय से उक्त भवन को किराए पर लेने के संबंध में अनुमति मिल गई है। जिस पर जिलाधिकारी ने भवन को आयुर्वेदिक विभाग को देने पर सहमति दे दी। अलकनंदा नदी झील में पर्यटन विभाग की वोट संचालन के संबंध में जिलाधिकारी डॉ. चौहान ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पर्यटक आवास गृह बीरोंखाल के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह को संचालन की जिम्मेदारी दी जा सकती है। उन्होंने इसके लिए जिला विकास अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटक आवास गृह के संचालन से महिलाओं की आजीविका संवर्द्धन होगी। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, जिला पर्यटन विकास अधिकारी केएस नेगी, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र पांडेय सहित संबंधित अधिकारी और समिति के सदस्य ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

सलोनी ने किया विद्यालय का नाम रोशन

रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में नागेन्द्र इंका बजीरा लस्या जनपद रुद्रप्रयाग की छात्रा सलोनी राणा ने कनिष्ठ वर्ग के संस्कृत श्लोकोचारण में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया है। सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर छात्रा का विद्यालय परिवार ने फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सलोनी को सम्मानित किया है। प्रधानाचार्य रतनमणी काला ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इसे क्षेत्र के साथ ही जनपद के लिए उपलब्धि बताते हुए अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया है। इस अवसर पर बीरेंद्र सिंह राणा, शोवेन्द्र शाह, राजेन्द्र राणा, रश्मि नेगी, भरत सिंह चौहान, प्रीति बिष्ट, गौतम भट्ट, अनिल स्नेही, उत्तमा, ज्योति, देवेंद्र चौहान, सतीश राणा, धनी लाल, मोर सिंह, विजयलक्ष्मी सहित छात्र-छात्राओं ने सलोनी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया है। (एजेंसी)

चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सत्याखाल-पौड़ी मोटरमार्ग पर डंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ लापरवाई, तेजी से वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली के अवर उप निरीक्षक रवींद्र भंडारी ने बताया कि मामले में वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।सोमवार को इडवालस्यूं विकास समिति के पदाधिकारियों ने घायलों की मां के साथ कोतवाली में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कौडला गांव निवासी पुष्पा देवी ने कहा है कि बीती 22 नवंबर को उनके दोनों बेटे ध्रुव नैथानी और सौरभ नैथानी गांव से स्कूटी से पौड़ी आ रहे थे। इसी दौरान सिरोली गांव के बस स्टॉप के समीप नेपाली मूल के डंपर चालक ने वाहन बैक करते समय दोनों भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे में 23 वर्षीय ध्रुव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। साथ ही घटना के बाद से ही डंपर चालक फरार चल रहा है। उन्होंने आरोपी वाहन चालक पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इडवालस्यूं विकास समिति के अध्यक्ष भाष्कर बहुगुणा, पूर्व प्रमुख पौड़ी मुकेश नेगी, शैलेंद्र नौटियाल, अमन नौटियाल, अनिल गुसाईं, सोहन सिंह रावत आदि ने कोतवाल और परिवहन विभाग के आरआई से मुलाकात कर प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए। आरोप लगाया कि प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर नेपाली मूल के व्यक्तियों के लाइसेंस जारी कर रहा है। उन्होंने सभी नेपाली मूल के वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की मांग उठाई है।

डीएम ने किया सराहनीय कार्य करने वाले कार्मियों को सम्मानित

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में विभिन्न जन शिकायतों का निस्तारण और सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। सोमवार को जिला सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में मदननेगी निवासी गंभीर खरोला ने उनके भवन में पूर्व में संचालित उप तहसील मदननेगी का बकाया बिजली बिल भुगतान की मांग पर एसडीएम प्रतापनगर को कार्यवाही को कहा। विस्थापित क्षेत्र भानियावाला की गुड्डी देवी और रमावती ने अजबपुर कलां में आवंटित भूखंड पर किसी अन्य द्वारा फर्जी वसीयत बनाने की शिकायत पर एसई पुनर्वास को कार्यवाही करने को कहा गया। अलेरू के ग्रामीणों ने जिला पंचायत से स्वीकृत पैदल मार्ग के निर्माण कार्य में गांव के किसी व्यक्ति द्वारा बाधा पहुंचाने की शिकायत की गई, जिस पर जिला पंचायत के एएमए को जरूरी निर्देश दिए। फिफल्टी तोक रंवाली धर्मशाला निवासी जमुना प्रसाद उनियाल और ग्राम बुड़कोट सिल्ला के क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित होने, भदूरा निवासी रजीन देवी ने मकान निर्माण हेतु सहायता दिये जाने, ग्राम रतोली के बलवीर सिंह ने हर घर नल योजना के तहत किए कार्यों का मानदेय न मिलने, डोबरा तल्ला में क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर को ठीक करने की मांग शामिल है। जिस पर डीएम मयूर ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कलक्ट्रेट में अच्छा कार्य करने वाले कार्मिकों को भी डीएम ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में सीएन थपलियाल, बालक राम, राजेश रमोला, केआर डंगवाल, राजेंद्र, हीरा सिंह सजवाण, केशव गैरोला, खेमचंद कुमाई शामिल रहे।

उत्तराखंड भू-कानून के लिए बुद्धिजीवियों के लिए जाएंगे सुझाव

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में राज्य में सशक्त भू-कानून लागू करने के संबंध में समस्त हितधारकों, हितबद्ध पक्षकारों, काश्तकारों और बुद्धिजीवियों से महत्वपूर्ण सुझाव लिए जाएंगे। उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय ने बताया कि इस क्रम में 30 नवंबर 2024 को विकासखंड नंदानगर (घाट) में प्रातः 11 बजे से भूमि विधियों में आवश्यक संशोधन करने हेतु बैठक आहूत की गई है। जबकि 02 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे से विकासखंड दशोली सभागार में और 03 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से विकासखंड सभागार ज्योर्तिमठ में बैठक की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य नागरिकों से इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है। (एजेंसी)

कोटद्वार और श्रीनगर अस्पताल में जल्द लगेगें सोलर पावर प्लांट : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में जिला कार्यालय स्थित एन.ई.सी. कक्ष में जनपद के शासकीय भवनों पर नेट मीटरिंग आधारित सोलर पावर प्लांट की स्थापना हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने कोटद्वार और श्रीनगर के अस्पतालों में प्राथमिकता के आधार पर सोलर पावर प्लांट लगाए जाने के निर्देश अफसरों को दिए। जिलाधिकारी ने इस पहल को जनपद के विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि सोलर पावर प्लांट्स न केवल ऊर्जा की खपत को कम करेंगे, बल्कि पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा स्त्रोत के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शासकीय भवनों पर नेट मीटरिंग आधारित सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाने हैं। इस दिशा में कार्य तेज करने के लिए उन्होंने उरेडा (उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण) अधिकारी को निर्देशित किया कि कोटद्वार और श्रीनगर के अस्पतालों में प्राथमिकता के आधार पर सोलर पावर प्लांट लगाए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निगम, नगर पालिका और जिला पंचायत के माध्यम से शासकीय भवनों का चिन्हीकरण कर सोलर पावर प्लांट की स्थापना की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने उरेडा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे ऐसे भवनों का चयन करें, जो सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए उपयुक्त हों। जिलाधिकारी ने उरेडा अधिकारी को जनपद में अब तक स्थापित किए गए सोलर पावर प्लांट्स की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, नगर पालिकाओं और नगर निगमों के सहयोग से परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी विवेक उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, जिला परियोजना अधिकारी उरेडा राजेश्वरी देवी, एसीएमओ डॉ. पारुल गोयल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी केएस नेगी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम बनेगा गैरसैंण ब्लाक का सारकोट गांव

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : गैरसैंण ब्लाक में सारकोट गांव को मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम बनाने की कवायद शुरू हो गई है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को समस्त विभागों की बैठक लेते हुए सारकोट गांव को आदर्श ग्राम बनाने हेतु सुनियोजित तरीके से विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम सारकोट में वैयक्तिक, सामाजिक, आर्थिक और मानव विकास के लिए योजनाएं तैयार की जाए। आदर्श ग्राम सारकोट में सभी बुनियादी सुविधाएं और सेवाओं के साथ सभी पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा से आच्छादित किया जाए।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सारकोट गांव का विजिट करते हुए शीघ्र विभागीय कार्य योजना बनाना सुनिश्चित करें। आदर्श ग्राम सारकोट में आंगनबाडी भवन, पंचायत भवन एवं प्राथमिक विद्यालय की मरम्मत, सुदृढ़ीकरण और रंग रोगन के साथ विद्यालय में स्मार्ट क्लास संचालन के लिए प्रस्ताव तैयार करें। सैनिक बहुल्य गांव सारकोट में पूर्व सैनिकों को सभी सुविधाएं मुहैया की जाए। गांव में सामाजिक पेंशन से शत प्रतिशत लोगों को आच्छादित किया जाए। पर्यटन विभाग को गांव में लोगों को होम स्टे का पंजीकरण कराने और उरेडा को गांव में सोलर लाइट लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने कृषि, उद्यान एवं सिंचाई विभाग को गांव सिंचाई नहरों की मरम्मत, सिंचाई टैंक, चेन लिंक फेंसिंग, स्वयं सहायता समूहों को फार्म मशीनरी बैंक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डेयरी और पशुपालन विभाग को गांव में किसानों को बकरी पालन व दुग्ध उत्पादन से जोड़कर किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ बनाने के लिए मिलकर काम करने को कहा। पूर्ति विभाग को गांव में शत प्रतिशत लोगों के राशन कार्ड बनाने, गैस कनेक्शन देने और पात्र लाभार्थियों को उज्ज्वला कनेक्शन वितरण करने और पंचायत विभाग को गांव में मनरेगा से रास्तों का सुधारीकरण और सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा। जल निगम और जल संस्थान को गांव में सभी परिवारों को हर घर जल संयोजन सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को गांव में शिविर लगाकर शत प्रतिशत आयुष्मान एवं दिव्यांग कार्ड बनाने के साथ ही सभी लोगों की स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अभिषेक गुप्ता, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुबोध शुक्ल, सहायक परियोजना अधिकारी केके पंत, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

त्रिवेन्द्र सिंह पंवार के निधन पर राज्य आंदोलनकारियों ने जताया शोक

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी और उक्रांद के पूर्व अध्यक्ष, संरक्षक त्रिवेन्द्र सिंह पंवार के सड़क दुर्घटना में निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने कहा कि एक ओर जुझारू व्यक्तिव हमारे बीच से चला गया। त्रिवेन्द्र सिंह पंवार ने पृथक उत्तराखंड राज्य के लिये संसद भवन में घुसकर पेपर बम (पर्चे) फेंके थे। उन्होंने राज्य आंदोलन के समय पूरे उत्तराखंड का भ्रमण कर अनेकों गोष्ठियां, धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिया। दून, ऋषिकेश में रेल रोको और चक्काजाम किया। अनेकों बार जेल गए। प्रदीप कुकरेती ने कहा कि हाल ही में यूकेडी की तांडव रैली का संयोजक होने के नाते उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी। जिसे उन्होंने पूरी मेहनत से निभाया। गत दो सप्ताह पूर्व राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर वह यूसीसी के विरोध मे 48 घण्टे की भूख हड़ताल में बैठे तो उसी दिन वह दिसम्बर में होने वाली अगली तांडव रैली पर चर्चा करने लगे। वह हमेशा यूकेडी को सक्रिय राजनैतिक और मजबूत संगठन के रुप में देखना चाहते थे। सोमवार को उनका अन्तिम संस्कार ऋषिकेश के पूर्णानंद घाट पर किया गया। जहां उन्हें श्रद्धांजलि देने राज्य आंदोलनकारी मंच के अनेकों पदाधिकारी, समाजसेवी, भाजपा एवं कांग्रेस के नेता पहुंचे। उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्यतः उक्रांद के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मन्त्री दिवाकर भट्ट, कैबिनेट मन्त्री प्रेमचन्द अग्रवाल, चकराता विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पूर्व मन्त्री शूरवीर सिंह सजवाण, मोहन सिंह रावत, विरेन्द्र गुसांई, शैलेश गुलेरी, पूर्व राज्य मन्त्री भगत राम कोठारी, कांग्रेस नेता राजपाल खरोला, विजय सारस्वत, संजय शास्त्री, शेर सिंह रावत, गौरव खंडूड़ी, मनोज पंवार, राजेन्द्र बिष्ट, अनिल डोभाल मौजूद रहे।

प्रेमलता सजवाण के कहानी संग्रह "नन्हें कलमकार" का हुआ लोकार्पण

देहरादून। हिंदी और गढ़वाली की समृद्ध रचनाकार प्रेमलता सजवाण लिखित/संपादित कहानी संग्रह नन्हें कलमकार का लोकार्पण रविवार को प्रिंस हनी रेस्टोरेंट धर्मपुर हरिद्वार रोड में हुआ। संग्रह में प्रेमलता सजवाण और सरकारी विद्यालय के बच्चों की कहानियां हैं।

लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि अपर राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तराखंड कुलदीप गैरोला ने कहा कि संग्रह की कहानियां उन्होंने पढ़ी हैं, बच्चों में बहुत संवेदना है। जो कहानी और नए रचनाकार सामने आए हैं। यह प्रेमलता सजवाण का प्रयास है, जो बहुत अच्छा है। कहा कि आज बच्चे अपनी भाषा भूल रहे हैं। जो अपनी भाषा भूल जाता है, वह अपनी संस्कृति भी भूल जाता है। इसे समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लेखक की किताब जरूर खरीदें, इससे आपको स्थानीयता का ज्ञान होगा। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बीटेक वाले बच्चे हमारे नहीं हैं, अमेरिका के हैं। इसे समझने की जरूरत है। बच्चो को अपने गांव से अपनी संस्कृति से जोड़ें। विशिष्ट अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि प्रेमलता ने बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने पुस्तक के माध्यम से बच्चों को मंच दिया है, जो बहुत महत्वपूर्ण है। कहा कि स्कूलों में बच्चे भाषा के कौशल तक नहीं पहुंच पाते। हम आज यांत्रिक हो गए और बच्चे भाषा के कौशल से पिछड़ गए। यह पीड़ादायक है, इस पर विचार की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लोकेश नवानी ने कहा कि प्रेमलता ने बच्चों की दृष्टि को उजागर करने का काम किया है। कहा कि वर्तमान में संवेदनहीनता बढ़ रही है। विस्तारवाद के नाम मनुष्य, मनुष्य को मार रहा है। हमें सामाजिक बदलाव लाना है तो वो बच्चों के माध्यम से होगा।

पशुओं का उपचार करने वाले झोलाछापों के खिलाफ होगी कार्रवाई

देहरादून। पशुओं के उपचार की विधिवत डिग्री और प्रशिक्षण न होने के बावजूद उपचार कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अप्रशिक्षित लोगों द्वारा पशुओं की चिकित्सा रोकने के लिए राज्य पशु चिकित्सा परिषद प्रदेश में अभियान चलाएगी। सोमवार को परिषद के अध्यक्ष डॉ. कैलाश उनियाल ने बताया कि पशु चिकित्सा परिषद के नियमों के अनुसार केवल रजिस्टर्ड पशु चिकित्सक ही राज्य में पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। जो रजिस्टर्ड नहीं है, उन्हें विधिक रूप से पशु चिकित्सा सेवाएं देने का अधिकार नहीं है।

यूकेडी नेता त्रिवेंद्र पंवार को दी श्रद्धांजलि

नई टिहरी : टिहरी जिले के प्रतापनगर ब्लॉक के भरपुरिया गांव निवासी उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष व संरक्षक त्रिवेंद्र पंवार की विगत दिवस ऋषिकेश में हुए एक भीषण सड़क हादसे मौत होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। लंबगांव में स्थानीय लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी, लंबगांव व्यापार मंडल अध्यक्ष युद्धवीर सिंह राणा, थानाध्यक्ष शांति प्रसाद चमोली, पूर्व जिपं सदस्य देवी सिंह पंवार, मुरारी लाल खंडवाल, सोदहन सिंह कुड़ियाल, सब्बल सिंह राणा, हरी प्रसाद डिमरी, सौरभ रावत, अर्जुन बिष्ट, केशव रावत, राजपाल राणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

आंगनबाड़ी में परोसे जाने वाले भोजन की होगी मानीटरिंग

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सुपरवाइजरों के खाली पदों को लेकर शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय नहीं वहां जमीन की उपलब्धता के अनुसार शौचालय निर्माण किए जाएं। वहीं आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों को आंगनवाडी में जो भोजन परोसा जाता है उसकी मानीटरिंग करने और कुपोषित बच्चों की पूरी जानकारी देने के साथ ही उनकी हर 15 दिन में मानीटरिंग करने के निर्देश दिए। कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ में कोई नवाचारी कार्य करना है तो उसके लिए प्रस्ताव दें।

बैठक में डीपीओ हिमांशु बडोला ने बताया कि जनपद में 1078 आंगनबाड़ी केन्द्र हैं। जिसमें 338 विभागीय भवनों में, 419 प्राथमिक विद्यालयों में, 195 पंचायत भवनों में तथा 124 किराये के भवनों में संचालित है। वहीं 955 में शौचालय व 941 में पेयजल की व्यवस्था है। टेक होम राशन के माध्यम से राशन वितरित की जा रही है। अनुपूरक पोषाहार योजना के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा 03 से 06 साल के बच्चों को पका भोजन दिया जाता है। मुख्यमंत्री बाल पलाश योजना के अन्तर्गत 03 से 06 बर्ष के बच्चों को हफ्ते में 2 दिन केले के चिप्स दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट के योजना 1164 महिलाओं की किट वितरित की गयी है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अन्तर्गत 2024-25 में 1225 वहीं नन्दा गौरा योजना के तहत 2023-24 में 1736 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। वहीं वन स्टॉप सेन्टर 68 केस पंजीकृत किए गए हैं जिनमें से 65 केसों का निस्तारण किया जा चुका है।

मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन

बागेश्वर। बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त भूमि का मुआवजा नहीं दिए जाने पर खुल्दौड़ी के ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज ग्रामीणों ने अपनी एकत्रसूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। खुल्दौड़ी के ग्रामीण सोमवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां अपने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उनके गांव में खड़िया की लीज स्वीकृत है, लेकिन लीज धारक ने किसानों को मुआवजा आज तक नहीं दिया है। बारिश के दिनों में उनकी कृषि योग्य भूमि भी बर्बाद हो गई है। इस बात की शिकायत उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में की।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com